आज का मौसम

अधिकतम 38° C
न्यूनतम 28° C
सूर्य अस्त (आज) 7:22
सूर्य उदय (कल) 5:24

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

मंगलवार
23 जून 2026

वर्ष : 13 अंक : 275 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8 RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

अनमोल वचन

"जिस तरह कमल कीचड़ में रहकर भी कीचड़ से गंदा नहीं होता उसी तरह आध्यात्मिक व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से विचलित या माया से अशुद्ध नहीं होता।"

## संक्षिप्त न्यूज

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस्राएल रक्षा मंत्रालय के पूर्व महानिदेशक से की मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में इस्राएल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक, मेजर जनरल, सेवानिवृत्त, अमीर बराम से मुलाकात की। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि श्री बराम ने श्री राजनाथ सिंह को बताया कि इस्राएल दोनों देशों की विशेष रणनीतिक साझेदारी में आपसी रक्षा सहयोग बढ़ाने के प्रति वचनबद्ध है। बैठक में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, भारत में इस्राएल के राजदूत रूवेन अजार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री अजार ने कहा कि इस्राएल और भारत संयुक्त परियोजनाएं बना रहे हैं, जिनसे द्विपक्षीय भागीदारी और मजबूत होगी।

फरवरी में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय इस्राएल यात्रा के दौरान श्री मोदी और इस्राएल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के बीच बातचीत में आपसी संबंधों को विशेष रणनीतिक भागीदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति बनी थी। दोनों नेताओं ने भारत और इस्राएल के बीच सहयोग को और गति देने पर भी बातचीत की थी।

### भारत जहाज पुनर्चक्रण के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बना



नई दिल्ली। भारत वर्ष 2025 में जहाज पुनर्चक्रण के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बन गया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक जहाज पुनर्चक्रण में भारत की हिस्सेदारी 2024 के 30.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 35.4 प्रतिशत हो गई है।

पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यह सफलता सरकार के नीतिगत सुधारों, उद्योग जगत के प्रयासों तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण और सुरक्षा मानकों के पालन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से जिम्मेदार और टिकाऊ जहाज पुनर्चक्रण के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की पहचान और मजबूत हुई है।

## अलीगंज के एक कोचिंग सेंटर में आग से 15 की मौत



लखनऊ(एजेंसी)। लखनऊ के अलीगंज इलाके में सोमवार दोपहर एक भीषण आग की घटना में 15 लोगों की मौत हो गई। इनमें ज्यादातर 16 से 18 वर्ष के छात्र थे। अलीगंज के पुरानिया इलाके में एक दुकान के ऊपर चल रहे एनिमेशन कोचिंग सेंटर में आग लग गई, जिससे छात्रों में दहशत फैल गई। 4 छात्र घायल हो गए हैं, जिन्हें लखनऊ के केजीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकतर मौतें दम घुटने के कारण हुई।

बताया जा रहा है कि आग संस्थान की इमारत के अंदर लगी और तेजी से फैल गई। इससे लोग अंदर फंस गए। यह एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स था जिसमें कोचिंग सेंटर, गेम जोन और शोरूम थे।

दमकलकर्मी, पुलिसकर्मी और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव और निकासी अभियान शुरू किया। कुछ लोगों ने पहली मंजिल से कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश की। दमकलकर्मियों ने दीवार तोड़कर इमारत में प्रवेश किया।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति मामले की जांच करेगी और आग लगने के कारणों का पता लगाएगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आग लगने वाली जगह और अस्पताल का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के पुलिस महानिदेशक और गृह मंत्रालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव से बात की। उन्होंने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने कहा
## राष्ट्रीय विकास में सीआईएसएफ की भूमिका महत्वपूर्ण




नई दिल्ली(एजेंसी)। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने कहा है कि राष्ट्रीय विकास में केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के आर्थिक विकास में सीआईएसएफ के जवानों का बड़ा योगदान होता है। नई दिल्ली में आज सीआईएसएफ के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला रखते हुए उन्होंने यह बात कही।

श्री कुमार ने सीआईएसएफ की परियोजना मान की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से हजारों जवानों और उनके परिवारों को मानसिक स्वास्थ्य और परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान सीएपीएफ के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी शामिल है।

इस अवसर पर उन्होंने 130 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली सीआईएसएफ की विभिन्न आधारभूत परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत दिवंगत सीआईएसएफ कर्मियों के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। साथ ही, बल के दिव्यांग आश्रित बच्चों को विशेष रूप से डिजाइन की गई मोटर चालित व्हीलचेयर भी वितरित की गई।

गृह मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 75 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा जो नया सीआईएसएफ मुख्यालय भवन बल की प्रशासनिक, परिचालन और रणनीतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## 6 महीनों में आधार ऐप के 3 करोड़ 10 लाख से अधिक डाउनलोड हुए

नई दिल्ली। इस वर्ष जनवरी में आधार ऐप शुरू होने के बाद 3 करोड़ 10 लाख से अधिक लोगों ने इसे डाउनलोड किया है। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि इस ऐप के बढ़ते इस्तेमाल से पता चलता है कि सेवाओं का लाभ शीघ्र उठाने में इसके प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है।
इसका उपयोग करके करीब 40 लाख लोगों ने अपने मोबाइल नम्बर अपडेट किये हैं और करीब 8.5 लाख लोगों ने अपने पते अपडेट करने के लिए इस ऐप का इस्तेमाल किया है।
ऐप के जरिये एक ही क्लिक में लॉक या अनलॉक करना, उपस्थिति के साक्ष्य के लिए चेहरा प्रमाणित करना, क्यूआर-बेस्ड परिचय-पत्र और विजिटिंग कार्ड जैसी सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं।

## भारतीय रेलवे ने पूर्वी तट रेलवे के 631 किलोमीटर मार्ग पर कवच प्रणाली को मंजूरी दी

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय रेलवे ने पूर्वी तट रेलवे के 631 किलोमीटर के मार्ग पर स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली कवच की मंजूरी दे दी है। इससे सुरक्षा और परिचालन दक्षता में सुधार होगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस परियोजना में पूर्वी तट रेलवे के छह महत्वपूर्ण खंड शामिल हैं। इनमें बाघुआपाल-बुद्धापंक, हरिदासपुर-पारादीप, खुर्दा रोड-बलंगीर, नौपाड़ा-गुनूपुर,




लांजीगढ़ रोड-जूनागढ़ और बोब्बिली-सालूर शामिल हैं। इन मार्गों पर कवच की स्थापना से स्वचालित रेल सुरक्षा और किसी भी तरह की टक्कर से बचाव की क्षमता प्रदान करके रेलगाड़ी संचालन में उच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।
मंत्रालय ने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी तट रेलवे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले ओडिशा और पड़ोसी क्षेत्रों के प्रमुख खंडों पर यात्री और मालगाड़ी दोनों के संचालन को लाभ होने की उम्मीद है। यह भीड़-भाड़ और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों पर कवच का विस्तार करने के भारतीय रेलवे के चल रहे अभियान को भी मजबूत करेगा।

## विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने मंगोलिया के विदेश मंत्री बत्सेत्सेग बटमुंख से मुलाकात की







विदेश मंत्री सब्रह्मण्यम जयशंकर ने सोमवार को उलानबातर में मंगोलिया के विदेश मंत्री बत्सेत्सेग बटमुंख से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने कहा कि चर्चाओं में भारत-मंगोलिया रणनीतिक साझेदारी, मजबूती और संभावनाओं पर बात की गई है।
दोनों नेताओं ने विकास परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और बहुपक्षीय मंचों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि प्रसंस्करण में अवसरों पर भी चर्चा की।
अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, श्री जयशंकर दक्षिण कोरिया का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान, मंत्री विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ चर्चा करेंगे। वे गुरुवार को जेजू में आयोजित जेजू शांति और समृद्धि मंच में मुख्य भाषण भी देंगे।

## एनएसए अजीत डोभाल ने ईरान एसएनएसई के रक्षा मामलों के उप-सचिव से मुलाकात की



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक से इतर नई दिल्ली में ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार परिषद के रक्षा मामलों के उप सचिव गादीर निजामीपुर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ब्रिक्स मंच के तहत सहयोग और भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा की।
श्री डोभाल ने इथियोपिया की राष्ट्रीय खुफिया और सुरक्षा सेवा के विश्लेषण कार्यकारी निदेशक, मिलियन लेमा तदेसे से भी मुलाकात की। दोनों पक्षों ने भारत-इथियोपिया रणनीतिक साझेदारी को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों का पता लगाया।
इसके साथ ही एनएसए अजीत डोभाल ने ब्राजील के बहुपक्षीय एवं राजनीतिक मामलों के सचिव, कार्लोस कोजेंडे से भी मुलाकात की। दोनों पक्षों ने ब्रिक्स ढांचे के तहत भारत और ब्राजील के बीच सहयोग का स्वागत किया और भारत-ब्राजील द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

# ब्रिटेन: कीर स्टारमर के इस्तीफे के बीच वरिष्ठ राजनीतिज्ञ एंडी बर्नहाम ने ली सांसद पद की शपथ

ब्रिटेन(एजेंसी)। ब्रिटेन में वरिष्ठ राजनीतिज्ञ एंडी बर्नहाम आज कीर स्टारमर के इस्तीफे के बाद हाउस ऑफ कॉमन्स में शपथ ग्रहण करके औपचारिक रूप से मेकरफील्ड से सांसद बन गए हैं। स्टारमर के उत्तराधिकारी के रूप में सबसे आगे माने जाने वाले श्री बर्नहाम ने मेकरफील्ड में एक महत्वपूर्ण उपचुनाव में रिफॉर्म यूके के उम्मीदवार को हराकर वेस्टमिंस्टर में वापसी के बाद महत्वपूर्ण गति प्राप्त की।
इससे पहले उन्होंने कहा कि नए प्रधानमंत्री के चयन की प्रक्रिया अगले महीने शुरू होगी। इसके लिए लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति 9 जुलाई से नामांकन स्वीकार करना शुरू करेगी। स्टार्मर के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एंडी बर्नहाम ने उनके नेतृत्व और सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में उन्होंने कहा कि यह निर्णय एक नए दौर की शुरुआत है और नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तथा जिम्मेदाराना ढंग से पूरा किया जाना चाहिए।
एंडी बर्नहाम को इस मुकाबले का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। उन्होंने हाल ही में मेकरफील्ड उपचुनाव में रिफॉर्म यूके के उम्मीदवार को हराकर संसद में वापसी के बाद अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।



# हरियाणा कैबिनेट का बड़ा फैसला मीट दुकानों के लाइसेंस की झंझट खत्म, शामलात भूमि पर बने मकानों को मिलेगी राहत

**जीत समाचार हरियाणा ।** हरियाणा मंत्रिमंडल की हालिया बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बागवानी, शहरी निकायों, ग्राम भूमि और महिला आयोग से संबंधित अहम अध्यादेशों को मंजूरी दी गई है।

### मीट दुकानों और स्लॉटर हाउस के लिए बड़ी राहत

मंत्रिमंडल ने हरियाणा नगर पालिका और नगर निगम संशोधन अध्यादेश, 2026 को स्वीकृति दे दी है। इस निर्णय के बाद अब स्लॉटर हाउस और मीट की दुकानों को नगर पालिका या नगर निगम से अलग से व्यापार लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। यह कदम छोटे कारोबारियों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में एक बड़ी राहत माना जा रहा है।

### शामलात भूमि पर बने मकानों को मालिकाना हक का रास्ता साफ

सरकार ने 'हरियाणा ग्राम शामलात भूमि विनियमन अध्यादेश, 2026' को मंजूरी देकर हजारों परिवारों को राहत दी है। नए प्रावधानों के तहत, विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक उन पात्र आवेदकों को शामलात देह भूमि बेचने की मंजूरी दे सकेंगे, जिन्होंने 31 मार्च 2004 या उससे पूर्व ऐसी भूमि पर अपने पक्के मकान बना लिए हैं। इससे लंबे समय से मालिकाना हक का इंतजार कर रहे लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।



### महिला आयोग में अब बढ़ेंगे प्रतिनिधित्व के अवसर

महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मंत्रिमंडल ने 'हरियाणा राज्य महिला आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2026' पर मुहर लगाई है। इसके तहत आयोग में गैर–सरकारी सदस्यों की संख्या को 5 से बढ़ाकर 7 कर दिया गया है। सरकार का उद्देश्य इस कदम से महिला आयोग की कार्यक्षमता और पहुंच को अधिक व्यापक बनाना है।

### बागवानी नर्सरियों के लिए मानक तय

कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 'हरियाणा बागवानी नर्सरी नियम, 2026' को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत नर्सरियों के लिए न्यूनतम गुणवत्ता मानक निर्धारित किए गए हैं। साथ ही, अब सभी नर्सरियों में रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए आधुनिक व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे किसानों को बेहतर और प्रमाणित पौधे मिल सकें।

# हरियाणा कैबिनेट का बड़ा तोहफा शिक्षकों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी, वाहन मालिकों को टैक्स में भारी छूट और 'दयालु' योजना में राहत

**जीत समाचार हरियाणा।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों, वाहन मालिकों और जरूरतमंद परिवारों के हित में कई बड़े और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में शिक्षा, परिवहन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

### शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए नई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी

प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के लिए मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2026 और टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी 2026 को मंजूरी मिल गई है।

120 अंकों का नया फ्रेमवर्क अब स्थानांतरण के लिए कर्मचारियों की रैंकिंग एक नए 120 अंकों के कंपोजिट स्कोरिंग फ्रेमवर्क के आधार पर तय की जाएगी।पारदर्शिता और निष्पक्षता: इस नीति को पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट के सुझावों और हितधारकों की राय के बाद तैयार किया गया है, ताकि प्रशासनिक कार्यकुशलता के साथ–साथ कर्मचारियों की संतुष्टि भी सुनिश्चित हो सके।

### 'दयालु–1' योजना: क्लेम प्रक्रिया हुई सरल

राज्य सरकार ने 'दयालु–1' योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता को और सुलभ बनाने के लिए नियमों में बदलाव किया है।

समय–सीमा दोगुनी: अब पात्र परिवार हादसे या मृत्यु के बाद क्लेम करने के लिए 3 महीने के बजाय 6 महीने तक का समय ले सकेंगे। इससे पीड़ित परिवारों को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।



### 'नया सफर योजना': बीएस–4 ट्रकों–बसों को बदलने पर मिलेगी टैक्स में छूट

एनसीआर जिलों में प्रदूषण कम करने और क्लीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने श्नया सफर योजनाश को हरी झंडी दी है।

100प्रतिशत टैक्स माफी: नए बीएस–6 या उससे उच्च मानकों वाले इलेक्ट्रिक वाहन, सीएनजी ट्रक एवं बसों की खरीद पर 10 साल तक मोटर वाहन कर में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी।

पुराने वाहनों पर 50प्रतिशत छूटरू यदि कोई पुराना या इस्तेमाल किया गया इलेक्ट्रिक/सीएनजी वाहन खरीदता है, तो उसे 10 वर्षों तक 50: मोटर वाहन कर में छूट दी जाएगी।

रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ: योजना के तहत खरीदे गए नए वाहनों का रजिस्ट्रेशन शुल्क भी पूरी तरह से माफ कर दिया गया है।

उद्देश्य: इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य एनसीआर में प्रदूषण फैलाने वाले पुराने बीएस–4 या उससे पुराने ट्रको/बसों को हटाकर पर्यावरण अनुकूल वाहनों को प्रोत्साहित करना है।

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com मंगलवार, 23 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

# लोकतंत्र की धड़कन

## जनता की जागरूकता और उसकी जिम्मेदारी

लोकतंत्र में 'जनता'सर्वोपरि है। ''जनता का, जनता के लिए, और जनता द्वारा'' शासनकृयह परिभाषा केवल किताबी नहीं, बल्कि एक जीवंत सत्य है। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से हमारी सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था बदली है, 'जनता' की भूमिका का विश्लेषण करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। आज का युग सूचनाओं के अंबार का युग है, जहाँ जनता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह 'भ–भीड़' बने या 'जागरूक नागरिक' ।

**जनता और नीति–निर्माताओं के बीच का पुल**

अक्सर हम सरकार की आलोचना करते हैं कि उसने जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन यहाँ एक प्रश्न यह भी उठता है कि क्या जनता ने अपनी समस्याओं को सही मंच पर रखा? लोकतंत्र का अर्थ केवल हर पांच साल में वोट देना नहीं है। असली लोकतंत्र तब काम करता है जब जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का सिलसिला साल भर चलता रहे। स्थानीय स्तर पर हो रहे प्रशासनिक निर्णयों में जनता की भागीदारी–चाहे वह ग्राम सभा हो या मोहल्ला समितियां–सुशासन की पहली शर्त है।

**'भीड़तंत्र' बनाम 'लोकतंत्र'**

सोशल मीडिया के इस दौर में एक बड़ा खतरा 'भीड़तंत्र' का है। बिना तथ्यों की जांच किए किसी भी सूचना पर प्रतिक्रिया देना और उग्र हो जाना, लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। लोकतंत्र 'असहमति' का सम्मान करना सिखाता है। यदि जनता केवल एक ही विचारधारा के प्रभाव में आकर सोचने की शक्ति खो देती है, तो वह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाती है। जनता की ताकत उसके 'विवेक' में है, न कि उसकी 'आवाज की तीव्रता' में।

**जनता की चुप्पी– एक खतरनाक संकेत**

इतिहास गवाह है कि जब–जब जनता ने अपने अधिकारों के प्रति उदासीनता दिखाई है, तब–तब व्यवस्था निरंकुश हुई है। महंगाई, भ्रष्टाचार या सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों पर जनता का मौन रहना या केवल सोशल मीडिया तक अपनी नाराजगी सीमित रखना बदलाव नहीं लाता। जागरूक जनता वह है जो सवाल पूछती है, जो जवाबदेही तय करती है और जो व्यवस्था की खामियों को रचनात्मक तरीके से सुधारने का दबाव बनाती है।


**समावेशी जनता– समाज का अंतिम व्यक्ति**

अक्सर 'जनता' शब्द में हम उन लोगों को भूल जाते हैं जो मुख्यधारा से दूर हैं। एक मजबूत राष्ट्र वही है जहाँ की 'जनता' का सबसे कमजोर व्यक्ति भी यह महसूस करे कि सिस्टम उसका है। स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय तक सभी की समान पहुँच ही लोकतंत्र की सफलता का असली पैमाना है। जब तक समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती, तब तक 'जनता' का प्रतिनिधित्व अधूरा है।

**निष्कर्ष**: जनता ही इस देश की निर्माता है। सरकारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन जनता का अस्तित्व और उसकी आकांक्षाएं शाश्वत हैं। आज के बदलते दौर में जनता को 'उपभोक्ता' के बजाय एक 'हितधारक' के रूप में अपनी भूमिका समझनी होगी।

**संपादक की कलम से**–लोकतंत्र का अर्थ केवल अधिकार माँगना नहीं है, बल्कि जिम्मेदारियों को निभाना भी है। नियम का पालन करना, टैक्स देना, पर्यावरण बचाना और सबसे बढ़कर, एक–दूसरे के प्रति संवेदनशीलता रखना–यही वह 'जनता' है जो देश को महान बनाती है। अंततः, सरकारें वही करती हैं जो जनता उनसे करवाना चाहती है। इसलिए, अपनी सोच को सशक्त करें, क्योंकि एक सशक्त जनता ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 23 जून 2026, मंगलवार

## आज का पंचांग

तिथि : नवमी 04:41 नक्षत्र : हस्त 11:54 करण : कौलव 04:41 पक्ष :शुक्ल योग : व्रियान 10:12 चन्द्रमा : कन्या 00:53 राशि में राहुकाल 03:52 – 05:37 विक्रमी संवत् : 2083 शक सम्वत:1948 मास अमांतः ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत :ज्येष्ठ शुभ मुहूर्त :अभीजित 11:55 – 12:51

## आज का राशिफल

**मेष राशि**
कारोबार में नए अनुबंध लाभदायक रहेंगे। समय का दुरुपयोग ना करें। लंबे समय से रुके पैसे प्रयत्न करने पर प्राप्त होंगे

**वृषभ राशि**
दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा

**मिथुन राशि**
व्यापार में अवरोध आ सकते हैं। संतान की ओर ध्यान देना आवश्यक है। आपकी दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से कार्यों में सफलता प्राप्त होगी

**कर्क राशि**
मनचाही नौकरी मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। नौकरी के लिए दिन शानदार रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। महत्वपूर्ण लाभ के अवसर प्राप्त होंगे

**सिंह राशि**
कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार, समाज में आपका महत्व बढ़ेगा। सुख–समृद्धि बढ़ेगी। सोच–समझकर निर्णय लेने पर लाभ होगा.

**कन्या राशि**
कला के कार्यों में रुचि बढ़ेगी। व्यापार–व्यवसाय में सुअवसर प्राप्त हो सकेंगे। लाभ होने की संभावना बनती है। नया प्रस्ताव मिलेगा।

**तुला राशि**
दिन की शुरुआत व्यस्तता पूर्ण रहेगी। पारिवारिक जीवन में हर्ष हो सकता है। धार्मिक रुचि बढ़ेगी। जल्दबाजी नुकसानदायक रहेगी।

**वृश्चिक राशि**
व्यापार में ऋण लेना पड़ सकता है। अनुकूल परिणाम के लिए सक्रियता और निश्चितता आवश्यक है। विशेष लाभ के कारण मन में प्रसन्नता रहेंगी

**धनु राशि**
लंबे समय के बाद व्यापार अच्छा चलेगा। परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के योग होने के कारण संबंध व परिचय क्षेत्र बढ़ेगा

**मकर राशि**
कार्यस्थल पर अपनी जिम्मेदारी की ओर विशेष ध्यान दें। पूंजी निवेश लाभदायी रहेगा। परिवार की समस्या रहेगी। रचनात्मक काम होंगे।

**कुम्भ राशि**
कम समय में कार्य पूरे होंगे। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि होगी। स्थायी संपत्ति की प्राप्ति के भी योग हैं।

**मीन राशि**
अपने व्यवहार में परिवर्तन लायें। वाहन, मकान आदि की खरीदी का योग बनेगा। व्यापारिक कार्य से की गई यात्रा लाभप्रद होगी।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# अमृतसर जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

## स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया गया।



जीत समाचार अमृतसर (ब्यूरों)। माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों और पंजाब राज्य विधि सेवा प्राधिकरण, एस.ए.एस. नगर द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में, अमृतसर जिला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा माननीय श्रीमती जतिंदर कौर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधि सेवा प्राधिकरण, अमृतसर के नेतृत्व में और श्री अमरदीप सिंह बैस, सचिव, जिला विधि सेवा प्राधिकरण, अमृतसर के दिशा–निर्देशों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस संबंध में, अमृतसर जिला प्रशासनिक परिसर में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में अमृतसर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री परिंदर सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) श्री करण अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुश्री जैस्मीन, न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) श्री हरजिंदर सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुश्री किरनदीप कौर और अन्य न्यायिक अधिकारी, न्यायालय कर्मचारी, कानूनी सहायता रक्षा परिषद के कर्मचारी, पैनल वकील और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

योग विशेषज्ञ ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित रूप से योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए योग को अपनाने की प्रतिज्ञा ली।

# प्रशासन व्यापारी आयोग द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है: एडीसी




जीत समाचार पटियाला। पटियाला जिले में व्यापारियों की समस्याओं के तत्काल और प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करने के साथ–साथ व्यापारी आयोग द्वारा उठाए गए मुद्दों की समीक्षा करने के लिए, पटियाला की अतिरिक्त उपायुक्त (जी) अनुप्रिता जोहल ने पंजाब व्यापार आयोग पटियाला के अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार सिंगला और पंजाब के उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह धामोली और अन्य सदस्यों के साथ बैठक की। एडीसी अनुप्रिता जोहल ने बताया कि आज की बैठक में पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है। 55 शिकायतों का समाधान हो चुका है और 30 शिकायतें अभी भी लंबित हैं जिन पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जल्द ही पटियाला जिले के व्यापारियों से मिलने आ रहे हैं। उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह धामोली ने कहा कि मुख्यमंत्री एस. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार व्यापारियों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिसके लिए आयोग व्यापारियों के साथ खड़ा है और उनकी सभी समस्याओं का निरंतर समाधान कर रहा है। अध्यक्ष ने आगे कहा कि व्यापारियों द्वारा उठाई गई हर समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों के सहयोग से उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने व्यापारी समुदाय से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे व्यापारी आयोग से संपर्क करें, ताकि उनकी मांगों का तुरंत समाधान हो सके। इस दौरान व्यापारी आयोग के सदस्य संजीव गुप्ता, भूपिंदर कौशल, व्यापार आयोग के सदस्य घनौर किरत सिंह सिहरा, गुरप्रीत सिंह मनन, टिंकू बंसल, राजेश छाबड़ा, एस.डी.एम., सहायक आयुक्त हरजोत कौर के साथ–साथ नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# स्वीप टीमों द्वारा जागरूकता गतिविधियाँ औद्योगिक इकाइयों के छात्रों और कर्मचारियों को एसआईआर प्रक्रिया से अवगत कराया गया




जीत समाचार बरनाला(ब्यूरों)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली और पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशानिर्देशों के तहत, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी हरप्रीत सिंह आईएएस के नेतृत्व में स्वीप टीमें जिले के विभिन्न संस्थानों में विशेष गहन सुधार 2026 के संबंध में निरंतर जागरूकता गतिविधियाँ चला रही हैं। इसी क्रम में, सरकारी तकनीकी महाविद्यालय बदबर में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी लवप्रीत सिंह और गोबिंद मोटर्स भदौर में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी मेजर सिंह ने एसआईआर 2026 के प्रमुख पहलुओं पर एक सूचनात्मक सेमिनार आयोजित किया। सेमिनार के दौरान, जनगणना प्रपत्र भरने से संबंधित पूरी जानकारी, आवश्यक दस्तावेजों की सूची आदि जैसी प्रमुख प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने इस अभियान के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची में नए और पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करना, आवश्यक सुधार करना और मतदाता सूची को हर तरह से संशोधित करना है। उन्होंने बताया कि 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक, मतदाता निरीक्षण अधिकारी घर–घर जाकर जनगणना प्रपत्र भरेंगे, इसलिए सभी मतदाताओं को यह जनगणना प्रपत्र भरना होगा और मतदाता निरीक्षण अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करना होगा। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी और स्वीप टीम के सदस्य उपस्थित थे।




|| जय श्री राम || || जय श्री हनुमान ||
श्री हिन्दू तख्त
ॐ
एक धर्म
एक संस्कार
एक स्वाभिमान
एक सनातन
धर्म
हमारा अभियान
सनातन
धर्म
हमारी पहचान
सनातन धर्म हमारी संस्कृति, हमारी आस्था, हमारी विरासत है।
आइए, हम सब मिलकर सनातन धर्म की रक्षा, समर्थन और
प्रचार के लिए एकजुट हों और आने वाली पीढ़ियों
को इसका अमूल्य ज्ञान दें।
राम
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी धनंजय गिरी जी महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिंन्दू तख्त एवं
पीठाधीश्वर सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा
आप भी हमारे संस्थान से जुड़ें
संपर्क करें: 9878910253 / 7889524055
सनातन धर्म की जय | हिन्दू तख्त की जय | भारत माता की जय


JEET SAMACHAR
जीत समाचार
NEWS FLASH
NEWS NEWS NEWS
पावर कट
सड़क खराब
सड़क खराब
जीत समाचार
लुधियाना में निडर
और सच्चे पत्रकारों
की ज़रूरत!
जो लोगों की समस्या सुन सके और
सरकारी महकमे का सच लिख सके!
भ्रष्टाचार, घोटाला
संपर्क करें: 9803025111 / 8878400009

# सरकाघाट में बड़ा हादसा टला, खाई में गिरने से बची एचआरटीसी बस

## चालक-परिचालक समेत 3 घायल

जीत समाचार मंडी/सरकाघाट(ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी स्थित सरकाघाट उपमंडल में सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। भटेड़ा चौकी के समीप एचआरटीसी की एक सरकारी बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। गनीमत रही कि बस गहरी खाई में नहीं गिरी, बल्कि सड़क किनारे एक स्थान पर फंस गई, जिससे एक बड़ा जान-माल का नुकसान होने से बच गया।



**सुबह 10 बजे हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है। एचआरटीसी की बस थाना चौकी क्षेत्र से सरकाघाट की ओर आ रही थी। भटेड़ा चौकी के पास सड़क किनारे का सुरक्षा डंगा अचानक धंसने के कारण बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क से नीचे लुढ़क गई।

**बस में सवार थे केवल 3 लोग**

हादसे के समय बस में चालक और परिचालक के अलावा केवल एक ही यात्री सवार था। बस के पलटते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और आस-पास के ग्रामीण तुरंत बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचे। घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से नागरिक अस्पताल बलद्वाड़ा पहुंचाया गया।

**खतरे से बाहर हैं सभी घायल**

अस्पताल में चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार, तीनों घायलों को मामूली चोटें आई हैं और फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर है।

**जांच में जुटी पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मंडी के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सड़क किनारे का डंगा धंसना दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं कोई तकनीकी खराबी या अन्य कारण तो नहीं थे।









दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# हिमाचलः 'सरकार की बेरूखी' के खिलाफ सड़कों पर उतरे मिड-डे मील कर्मी, शिमला में हुआ जोरदार प्रदर्शन



जीत समाचार शिमला।
हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सोमवार को मिड-डे मील कर्मचारियों की गूंज से थर्रा उठी। अपनी मेहनत का वाजिब हक मांग रहे हजारों मिड-डे मील वर्करों ने सीटू के बैनर तले सरकार को सीधे चुनौती दी है। शिमला की सड़कों पर उतरे इन कर्मचारियों का गुस्सा इस कदर था कि सचिवालय के गेट तक भारी सुरक्षा घेरा लगाना पड़ा।

**'नहीं तो आर-पार की जंग': चेतावनी भरी हुंकार**

हाथों में तख्तियां लिए और सरकार विरोधी नारों के साथ कर्मचारियों ने साफ कर दिया कि अब वे झूठे आश्वासनों से बहलने वाले नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे वर्षों से मात्र चंद रुपयों में स्कूलों की व्यवस्था संभाल रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

**सीटू की सरकार को दो टूक**

सीटू नेताओं ने मंच से हुंकार भरते हुए कहा, ष्प्रदेश के स्कूलों की रीढ़ कहे जाने वाले मिड-डे मील वर्कर आज खुद भूखे पेट संघर्ष करने को मजबूर हैं। हरियाणा की तरह वेतन और 12 महीने का मानदेय हमारा अधिकार है, कोई भीख नहीं।

**सचिवालय तक मार्च :** टॉलैंड से शुरू हुआ मार्च सचिवालय के पास एक विशाल जनसभा में बदला।

**अधिकारों की लड़ाईः** ईपीएफ, ईएसआई और ग्रेच्युटी जैसे बुनियादी अधिकारों के लिए हुंकार।

**प्रशासनिक हलचलः** प्रदर्शन के बाद आनन-फानन में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया गया।

**क्या होगा स्कूलों का हाल?**

हड़ताल के चलते प्रदेश के दूरदराज इलाकों से लेकर शहरों तक के स्कूलों में दोपहर का भोजन प्रभावित रहा। बच्चों की थाली को लेकर अभिभावकों ने भी चिंता जताई है। हालांकि, विभाग दावा कर रहा है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हकीकत यह है कि यदि सरकार ने समाधान नहीं निकाला, तो आने वाले दिनों में शैक्षणिक गतिविधियों पर बड़ा संकट मंडरा सकता है।

**अब सरकार के पाले में गेंद**

सरकार ने फिलहाल मामले को सुलझाने के लिए बातचीत का रास्ता खोलने का आश्वासन दिया है। लेकिन कर्मचारी नेताओं का स्पष्ट संदेश है-आश्वासन नहीं, अब समाधान चाहिए।







